परिपत्र संख्या-स्था-1/2013-14/ 1314003/09-4-13 138 / वाणिज्य कर,

कार्यालय कमिश्नर, वाणिज्य कर, उ0प्र0 ।
(स्थापना राजपत्रित अनुभाग)
लखनऊ :: दिनॉक 08 ,अप्रैल, 2013

1-समस्त जोनल एडीशनल कमिश्नर,वाणिज्य कर,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ ।

कृपया कमिश्नर, वाणिज्य कर के कार्यालय ज्ञाप संख्या-स्था-1-अधिकार प्रतिनिधायन-2012-13/4215/दिनॉक 28-12-2012 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा रजिस्टरिंग अथारिटी नामित करने हेतु समस्त जोनल एडीशनल कमिश्नर को प्रतिनिधानित किया गया है ।

वर्ष 2012-13 की समाप्ति के उपरान्त वर्ष 2013-14 के लिए पंजीयन अथारिटी नामित किये जाने हैं। इस सम्बन्ध में प्रदेश में एकरुपता बनाये रखने हेतु मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि समस्त जोनल एडीशनल कमिश्नर अपने अधिक्षेत्र में पंजीयन अथारिटी को नामित किये जाने की कार्यवाही दिनॉक 15-04-2013 तक पूर्ण करेंगे । अभी प्रथम तिमाही हेतु ही रोस्टर बनाया जाय तथा द्वितीय तिमाही एवं आगे के रोस्टर वर्ष 2013-04 के स्थानान्तरण सत्र अथवा दिनॉक 30-06-2013 के उपरान्त ही बनाया जाय । यह भी सुनिश्चित किया जाय कि जिन अधिकारियों (असिस्टेण्ट कमिश्नर एवं वाणिज्य कर अधिकारी) को चतुर्थ तिमाही अर्थात् दिनॉक 31-03-2013 तक पंजीयन अथारिटी के रुप में नामित किया गया था, उनके स्थान पर अन्य अधिकारियों को वर्ष 2013-14 के प्रथम त्रैमास की अवशेष अवधि के लिए पंजीयन अथारिटी नामित किया जाय ।

उपर्युक्तानुसार पंजीयन अथारिटी नामित किये जाने के आदेश की प्रति वाणिज्य कर मुख्यालय स्थापना अनुभाग को भी अग्रसारित की जाय ।

(विनोद कुमार सिंह)
ज्वाइण्ट कमिश्नर (स्थापना) वाणिज्य कर,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ ।

पृष्ठॉकन पत्र संख्या व दिनॉक ::: उक्त ।
प्रतिलिपि - समस्त ज्वाइण्ट कमिश्नर (कार्यपालक) को अनुपालनार्थ प्रेषित ।

ज्वाइण्ट कमिश्नर (स्थापना) ~~वाणिज्य कर,~~
उत्तर प्रदेश, लखनऊ ।